बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

## आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल युवाओं को बल" के अधिन अकोढ़ीगोला(रोहतास) Kyp Code 06060040 में कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण का संचालन आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नालॉजी के द्वारा किया जा रहा है। बिहार कौशल विकास मिशन के टीम के द्वारा दिनांक 2.4.2019 को इस केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया, तथा इस केन्द्र पर प्रशिक्षण की गुणवत्ता अत्यंत ही निम्न कोटि की पाई गई। निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर मार्च बैच के केवल तीन प्रशिक्षणार्थी ही उपस्थित थें। निरीक्षण के समय एक अन्य व्यक्ति इस केन्द्र पर स्थापित एक System पर बैठ कर कार्य कर रहे थे, जो प्रशिक्षणार्थी नहीं थे, तथा पूछ-ताछ के क्रम में वे केन्द्र से निकल कर चले गए। इस केन्द्र के पास उपस्थित एक अन्य व्यक्ति के द्वारा निरीक्षण दल को यह बताया गया कि इस केन्द्र पर परीक्षा में अनियमितता की जाती है , तथा पंजीकृत प्रशिक्षणार्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति के द्वारा परीक्षा दिया जाता है। इसके सत्यापन के लिए जब केन्द्र पर उपस्थित एक मात्र Learning Facilitator से CCTV कैमरा के फुटेज की मांग की गई, तो उनके द्वारा लिखित रूप से यह सूचित गया कि इस केन्द्र पर दिसंबर 2018 से CCTV कैमरा खराब है तथा वे परीक्षा अवधि का फुटेज देने में असमर्थ है। केन्द्र पर उपस्थित एक मात्र Learning Facilitator के द्वारा लिखित रूप से निरीक्षण दल को यह भी सूचित किया गया कि इस केन्द्र के Center Co-ordinator शायद ही कभी केन्द्र पर आते है।

आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अकोढ़ीगोला(रोहतास)KypCode 06060040 में पाई गई इस अनियमितता के लिए एजेंसी से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या 427 दिनांक 5.4.2019 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई। पूछे गए स्पष्टीकरण के आलोक में आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, के द्वारा अपने ई-मेल दिनांक 13.4.2019 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह कहा गया कि केन्द्र पर उपस्थित उनके स्टाफ मेम्बर के द्वारा निरीक्षण दल को उचित जबाब नहीं दिया जा सका, जिसके कारण उनके केन्द्र के संबंध में गलत तथ्य उभर कर सामने आये है। उनके केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण ससमय तथा तत्परता से पूर्ण किया जाता है तथा प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित समय से परीक्षा में सम्मलित भी कराया जाता है, अतः बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा परीक्षा में अनियमितता किये जाने का लगाया गया आरोप बिल्कुल निराधार है।

एजेंसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह कहा गया है कि इस केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों का सत्र समय से पूर्ण किया जाता है,तथा Learning Facilitator एवम् Center Co-ordinator की नियुक्ति बिहार कौशल विकास मिशन के निर्धारित मापदंडो के आधार पर किया गया है।इस केन्द्र पर CCTV कैमरा अधिष्ठापित एवं कार्यरत है, लेकिन बिहार कौशल विकास मिशन के निरीक्षण दल के द्वारा पूछे जाने पर उनके केन्द्र के कर्मियों के द्वारा घबराहट में इसे खराब होना बता दिया गया।स्पष्टीकरण में यह भी कहा गया कि बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा निर्धारित मापदंडों का उनके द्वारा दृढ़ता से अनुपालन किया जाता है, तथा जैसे ही उनको इस केन्द्र के लिए उपयुक्त एवं योग्य कर्मी मिल जाएगें वे यहां के कार्यरत Learning Facilitator तथा Center Co-ordinator को बदल देंगें। अंत में इस स्पष्टीकरण में यह भी कहा गया है कि निरीक्षण दल के द्वारा इस केन्द्र पर जो भी कमियां पाई गई है, उसे निकट भविष्य में ठीक कर लिया जायेगा तथा यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में इन तरह की चीजों की पुनरावृति नही की जायेगी।

आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषप्रद है तथा किसी भी दृष्टिकोण से स्वीकार करने योग्य नही है। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में वे बाहरी व्यक्ति कौन थे, जो निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर कार्य कर रहे थे, के संबंध में इस स्पष्टीकरण में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। किसी भी कुशल युवा के प्रशिक्षण केन्द्र पर किसी भी समय प्रशिक्षण के दौरान दो Learning Facilitator का होना आवश्यक है , लेकिन निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर एक ही Learning Facilitator क्यों उपलब्ध थे, के बिंदु पर भी अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया है। केन्द्र पर उपस्थित एक मात्र Learning Facilitator के

Scanned by CamScanner

द्वारा निरीक्षण दल को यह लिखित रुप से सूचित किया गया कि इस केन्द्र का CCTV कैमरा दिसंबर 2018 से खराब है, बावजूद इसके Center Owner के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह कहना कि उनके केन्द्र का CCTV कैमरा निरीक्षण के समय ठीक था तथा उपस्थित Learning Facilitator के द्वारा निरीक्षण दल को घबराहट में यह कह दिया गया कि CCTV कैमरा खराब है, निरीक्षण दल को झूठलाने सदृश्य है तथा स्वीकार करने योग्य नहीं है । किसी गैर प्रशिक्षणार्थि के द्वारा प्रशिक्षण अवधि में केन्द्र पर स्थापित Computer System में काम करना तथा निरीक्षण दल के वहां पहुंचने पर System को बंद कर केन्द्र से बाहर हो जाना तथा इस बिंदु पर एजेंसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में कुछ भी स्पष्ट नहीं करना यह स्थापित करता है कि इस केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों के स्थान पर गैर प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा अपने Finger Impression को reset करा कर प्रशिक्षण सत्र को पूरा किया जाता है तथा ऐसे ही गैर प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा भी दी जाती है, ताकि उनका Invoice generate हो सके । परीक्षा में अनियमितता की जांच के लिए CCTV के फुटेज की मांग किये जाने पर यह लिखित रुप से दिया जाना कि दिसंबर 2018 से CCTV खराब है, यह स्थापित करता है कि इस केन्द्र पर परीक्षा में अनियमितता हुई है।

उपर्यक्त अंकित तथ्यों के आलोक में समीक्षोंपरांत आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अकोढ़ीगोला(रोहतास)Kyp Code 06060040 के स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा इस केन्द्र के पंजीकरण को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए, इस केन्द्र को स्थायी रुप से बंद किया जाता है। Team Leader, MKCL, श्री अनुपम नारखेड़े को आदेश दिया जाता है कि वे तत्काल प्रभाव से आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अकोढ़ीगोला(रोहतास) Kyp Code 06060040 के पंजीकरण को निरस्त कर दें तथा इस केन्द्र पर नामांकित वैसे सभी छात्रों को जिनकी परीक्षा अभी आयोजित नही हुई है, उन्हे विमुक्त कर दे ताकि वे नए सिरे से किसी अन्य केन्द्र पर नामांकन करा कर कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे विमुक्त किये गये प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त सुरक्षित जमा की राशि को अविलंब उनके बैंक खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से वापस कर दें।

ह0/–

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक– BSDM/SDM-18/2017- (खंड–1)–553 दिनांक–16/5/2019

प्रतिलिपि – 1.आसनसोल यूनिकॉम इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अकोढ़ीगोला(रोहतास)Kyp Code 06060040 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.श्री अनुपम नारखेड़े, Team Leader, MKCL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3.प्रबंधक(वित्त)बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी/मिशन निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी/प्रबंधक कार्यक्रम क्रियान्वयन, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.जिला पदाधिकारी,रोहतास/जिला नियोजन पदाधिकारी,रोहतास/जिला कौशल प्रबंधक, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6. Project Director, SPMU /श्री रतनदीप सिंह, मैनेजर MIS and Monitoring, SPMU /श्री रमण कुमार, मैनेजर SPMU/श्री धर्मेन्द्र सिंह यादव, SPMU को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16/5/19

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

Scanned by CamScanner